# आकाश पूरे सीजन से बाहर, केकेआर की बढ़ी चिंता

## अब नए तेज गेंदबाज की तलाश में केकेआर

**कोलकाता, 21 मार्च. आईपीएल 2026 से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स को बड़ा झटका लगा है. टीम के तेज गेंदबाज आकाश दीप चोट के कारण पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं.**

पहले ही युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा के बाहर होने से परेशान टीम के लिए यह एक और बड़ा झटका माना जा रहा है. अब फ्रैंचाइजी को मजबूरन नए तेज गेंदबाज की तलाश करनी पड़ रही है. टीम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि करते हुए बताया कि आकाश दीप इस सीजन में नहीं खेल पाएंगे. फ्रैंचाइजी ने उन्हें पिछले साल हुई मिनी नीलामी में एक करोड़ रुपये



की बेस प्राइस पर खरीदा था, लेकिन वह अब तक टीम कैंप में शामिल भी नहीं हो सके हैं. जानकारी के मुताबिक, वह इस समय बेंगलुरु में स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी चोट से उबरने के लिए रिहैबिलिटेशन कर रहे हैं. हालांकि उनकी चोट की सटीक प्रकृति को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है.

आकाश दीप के करियर में चोट एक बड़ी समस्या रही है. वह पहले भी कई बार चोट के कारण टीम से बाहर हो चुके हैं, जिससे उनके प्रदर्शन और निरंतरता पर असर पड़ा है. चाहे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट हो या आईपीएल, उन्हें कई अहम मौकों पर टीम से बाहर बैठना पड़ा है. पिछले सीजन में वह लखनऊ सुपरजायंट्स का हिस्सा थे, लेकिन लगातार चोटों के कारण फ्रैंचाइजी ने उन्हें रिलीज कर दिया था. अब जब आकाश दीप भी उपलब्ध नहीं हैं, तो केकेआर के सामने तेज गेंदबाजी आक्रमण को संतुलित करना एक बड़ी चुनौती बन गया है. टीम पहले ही हर्षित राणा की अनुपस्थिति से जूझ रही है, जिन्हें घुटने की सर्जरी के कारण सीजन शुरू होने से पहले ही बाहर कर दिया गया था. टीम मैनेजमेंट के भीतर यह मान्यता थी कि राणा जैसे प्रतिभाशाली गेंदबाज का विकल्प ढूंढना आसान नहीं होगा, और अब आकाश दीप के बाहर होने से स्थिति और भी जटिल हो गई है. टीम के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने भी संकेत दिए हैं कि फ्रैंचाइजी जल्द ही किसी विकल्प की घोषणा कर सकती है. उन्होंने कहा कि टीम मेडिकल अपडेट का इंतजार कर रही है और एक-दो दिनों में नए खिलाड़ी को लेकर फैसला लिया जा सकता है.

> केकेआर ने इस सीजन के लिए अपने गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत करने के लिए कई बड़े निवेश किए थे. टीम ने श्रीलंका के तेज गेंदबाज पथिराना पर भारी रकम खर्च की थी, लेकिन उन्हें अभी तक अपने क्रिकेट बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं मिला है. ऐसे में यह भी संभावना जताई जा रही है कि वह टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में उपलब्ध नहीं रहेंगे.

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टीम जल्दबाजी में कोई निर्णय नहीं लेना चाहती और सही विकल्प की तलाश में कुछ समय लेगी. फिलहाल टीम के पास वैभव अरोड़ा, उमरान मलिक और कार्तिक त्यागी जैसे भारतीय तेज गेंदबाज मौजूद हैं, लेकिन आकाश दीप और हर्षित राणा के बाहर होने से अनुभव और विकल्पों की कमी साफ नजर आ रही है.

# वरुण के फ़ॉर्म को लेकर चिंतित नहीं है केकेआर

**कोलकाता, 21 मार्च टी 20 विश्व कप स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के लिए दोनों तरह का रहा. 14 विकेट के साथ भले ही उन्होंने टीम के लिए संयुक्त तौर पर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ के तौर पर टूर्नामेंट को समाप्त किया लेकिन टूर्नामेंट के चरण में वह अधिक विकेट नहीं ले पाए.**

पहले चार मुक़ाबलों में उन्होंने नौ विकेट लिए जबकि सुपर-8 और नॉकआउट स्टेज में वह कुल पांच विकेट ही ले पाए. केकेआर के प्री सीज़न प्रेस कॉन्फ़्रेंस के दौरान नायर और कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि



विश्व कप और आईपीएल के बीच क्रिकेटर को ब्रेक की ज़रूरत होती है और उन्होंने कहा कि केकेआर वरुण के फ़ॉर्म को लेकर चिंतित नहीं है.

### एक नजर में

## एलएसजी ने लिया रामलला का आशीर्वाद

**अयोध्या.** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)-2026 की शुरुआत से पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स की 20-सदस्यीय टीम, जिसमें खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ ने रामलला के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद मांगा. टीम के साथ फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका भी मौजूद थे. सभी ने राम मंदिर में पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-



अर्चना की और आने वाले सीजन में शानदार प्रदर्शन के लिए प्रार्थना की. इस यात्रा के दौरान, टीम के कप्तान ऋषभ पंत और अन्य खिलाड़ियों ने भगवान राम के चरणों में श्रद्धापूर्वक शीश नवाया. मंदिर परिसर में टीम के आगमन से वहां मौजूद श्रद्धालुओं के बीच भारी उत्साह का माहौल बन गया. मंदिर निर्माण के प्रभारी अधिकारी गोपाल राव और पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) बलरामचारी दुबे ने खिलाड़ियों को मंदिर परिसर का भ्रमण कराया. खिलाड़ियों ने मंदिर की भव्यता की जमकर सराहना की. पूजा-अर्चना और दर्शन के बाद, पूरी टीम अयोध्या से लखनऊ के लिए रवाना हो गई.



## मेरी नजर ट्रॉफ़ी पर है : श्रेयस अय्यर

**चंडीगढ़.** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स को फ़ाइनल तक ले जाने के बाद उनके कप्तान श्रेयस अय्यर इस बार एक कदम और आगे जाना चाहते हैं. पंजाब किंग्स की नई जर्सी के लॉन्च पर अय्यर ने कहा, 'उम्मीदें काफ़ी ज़्यादा हैं जिसका होना काफ़ी मज़ेदार है. मुझे चुनौतियां पसंद हैं. लेकिन जरूरी बात यह है कि जब भी हम मैदान पर उतरें तो जीतें. मेरी नजर ट्रॉफ़ी पर है.' पिछले कुछ महीनों से अय्यर परिदृश्य से बाहर हैं, अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल होने के बाद उन्हें न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ़ घरेलू टी20 सीरीज में एक भी मैच खेलने का मौक़ा नहीं मिला, वहीं टी20 विश्व कप के दल में भी वह अपनी जगह नहीं बना पाए. उन्होंने कहा, 'चोट के बाद वापसी करना हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है. मेरा सात किलो तक वज़न कम हो गया था और दोबारा वज़न हासिल करने में काफ़ी मेहनत लगी.

## यह सीजन हमारे खिलाड़ियों के लिए बड़ा मौक़ा



**कोलकाता.** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के प्रमुख कोच अभिषेक नायर का मानना है कि आईपीएल 2026 उनके कुछ खिलाड़ियों लिए 'मौक़ों का सीजन' बन सकता है. हालांकि वह मुख्य रूप से उन खिलाड़ियों की बात कर रहे थे, जो आंद्रे रसल की कमी को पूरा करने की कोशिश करेंगे, लेकिन यह बात ख़ुद उनके और कप्तान अजिंक्य रहाणे पर भी लागू होती दिखेगी, क्योंकि पिछले साल केकेआर आठवें स्थान पर रही थी. 2025 में केकेआर ने 14 में से सिर्फ़ पांच मैच जीते थे, जब नायर, चंद्रकांत पंडित के तहत सहायक कोच थे. इससे पहले 2024 में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में केकेआर ने ख़िताब जीता था. नायर ने कहा, 'आंद्रे रसल इस फ़्रेंचाइज़ी के ध्वजवाहक रहे हैं. पिछले कई सालों में उन्होंने टी20 क्रिकेट में जो किया है, उसे दोहराना मुश्किल होगा. यह मौक़ों का सीजन है.' 2014 में केकेआर से जुड़ने के बाद, रसल ने 2593 रन बनाए और 122 विकेट लिए. उन्होंने नवंबर 2025 में आईपीएल से संन्यास लिया और अब टीम के साथ पावर कोच की भूमिका में काम करेंगे.

## शतक लगाने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बनीं रवांडा की फ़ैनी उतागुशीमानिंदे

**अबुजा.** रवांडा की फ़ैनी उतागुशीमानिंदे महिला टी20 डेब्यू में शतक लगाने वाली पहली बल्लेबाज़ बनीं. उन्होंने घाना के ख़िलाफ़ नाइजीरिया इनविटेशनल महिला टी20 टूर्नामेंट के एक मुक़ाबले में 65 गेंदों में 111 रनों की नाबाद पारी खेली.

15 साल और 223 दिन की उम्र में उतागुशीमानिंदे महिला टी20 में शतक लगाने वाली सबसे युवा बल्लेबाज भी बनीं.

इससे पहले महिला टी20 डेब्यू में सबसे ज़्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की कैरेन रॉलटन के नाम था जिन्होंने 2005 में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टांटन में 96 रनों की नाबाद पारी खेली थी. वह मैच महिला टी20 इतिहास का सिर्फ़ दूसरा ही अंतरराष्ट्रीय मुक़ाबला था.



दूसरी तरफ़ इससे पहले महिला टी 20द्ध में सबसे कम उम्र में शतक लगाने का रिकॉर्ड यूगांडा की प्रोस्कोविया अलाको के नाम था जिन्होंने 16 साल और 233 दिन की उम्र में माली के ख़िलाफ़ किगाली में 2019 में 116 रनों की पारी खेली थी.

# मियामी में खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

## ➡सितसिपास, सबालेंका, रायबाकिना और अल्काराज की जीत







**मियामी (अमेरिका), 21 मार्च अमेरिका के शहर मियामी में खेले जा रहे प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट मियामी ओपन में दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है. पुरुष और महिला दोनों वर्गों में बड़े नामों ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर तीसरे दौर में जगह बना ली है, जिससे टूर्नामेंट और भी रोमांचक हो गया है. पुरुष वर्ग में ग्रीस के स्टार खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास ने पाँचवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 7-6(3) से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया.**

एक घंटे 25 मिनट तक चले इस मुकाबले में सितसिपास ने अपनी मजबूत सर्विस और अनुभव के दम पर विरोधी को कड़ा जवाब दिया. इस जीत के साथ उन्होंने डी मिनौर के खिलाफ अपने आमने-सामने के रिकॉर्ड को 12-1 तक पहुंचा दिया. वहीं स्पेन के युवा स्टार कार्लोस अल्काराज ने ब्राजील के उभरते खिलाड़ी जोआओ फोंसेका को 6-4, 6-4 से हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की.

दर्शकों के शोरगुल के बीच खेले गए इस मुकाबले में अल्काराज ने संयम और सटीक खेल दिखाते हुए हर महत्वपूर्ण मौके का फायदा उठाया. उन्होंने अपने खिलाफ आए सभी ब्रेक पॉइंट बचाए और लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की. अब उनका अगला मुकाबला अमेरिकी खिलाड़ी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा. महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने अमेरिकी खिलाड़ी एन ली को 7-6(5), 6-4 से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की. यह मुकाबला आसान नहीं रहा, क्योंकि पहले सेट में उन्हें कड़ी टक्कर मिली. उन्होंने दबाव में शानदार वापसी करते हुए टाई-ब्रेक में जीत हासिल की और दूसरे सेट में भी मजबूत खेल दिखाया. सबालेंका ने स्वीकार किया कि उनका खेल पूरी तरह परफेक्ट नहीं था, लेकिन उन्होंने मुश्किल हालात में खुद को संभालते हुए जीत हासिल की. दूसरी ओर, कजाकिस्तान की स्टार खिलाड़ी एलेना रायबाकिना ने अपनी हमवतन प्रतिद्वंदी यूलिया पुतिनत्सेवा को 6-3, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया. रायबाकिना ने पूरे मैच में शानदार सर्विस और आक्रामक खेल दिखाया. उन्होंने शुरुआत में बढ़त बनाई और फिर उसे अंत तक बरकरार रखते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया.

> यह 2026 सीजन में उनकी 18वीं जीत रही और वह इस समय शानदार फॉर्म में नजर आ रही हैं. रायबाकिना का अगला मुकाबला यूक्रेन की खिलाड़ी मार्टा कोस्त्युक से होगा, जो पहले ही अपने मैच में जीत दर्ज कर चुकी हैं. वहीं सबालेंका अब कैटी मैकनेली के खिलाफ उतरेंगी, जिन्होंने भी अपने पिछले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया था. मियामी ओपन में बड़े खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिल रहा है. पुरुष और महिला दोनों वर्गों में शीर्ष खिलाड़ियों ने अपने अनुभव और कौशल के दम पर जीत दर्ज की है. जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा, मुकाबले और भी कड़े और रोमांचक होने की उम्मीद है, क्योंकि अब सभी की नजरें खिताब पर टिकी हुई हैं.



## एमएलसी प्लेऑफ और फाइनल 15 से 18 जुलाई तक ओकलैंड में होंगे

**ऑकलैंड.** मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2026 के प्लेऑफ 15 जुलाई से ओकलैंड कोलिजियम में और फाइनल मुकाबला 18 जुलाई को खेला जायेगा. यह पहली बार होगा जब लीग के पोस्ट-सीजन मैच अमेरिका के वेस्ट कोस्ट पर खेले जाएंगे. चौथा सीजन 18 जून से 18 जुलाई तक चलेगा. इसकी शुरुआत ग्रैंड प्रेरी, टेक्सास में होगी, जिसके बाद मैच कैलिफोर्निया के अलग-अलग मैदानों में खेले जाएंगे. कोलिज़ियम 24 जून से 28 जून तक रेगुलर-सीजन के मैचों की मेजबानी भी करेगा. जुलाई के मध्य में होने वाले प्लेऑफ़ से पहले, यहां आठ मैचों में लीग की सभी छह टीमें आमने-सामने होंगी. इस सीजन की एक अहम बात यह है कि लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को पोमोना में स्थित नाइट राइडर्स क्रिकेट फ़ील्ड के रूप में एक परमानेंट होम ग्राउंड मिल गया है. इस मैदान पर एक जुलाई से पांच जुलाई तक मैच खेले जाएंगे.

## फ़िटनेस टेस्ट क्लियर करने पर ही श्रीलंकाई खिलाड़ियों को मिलेगी आईपीएल के लिए एनओसी

**कोलंबो, 21 मार्च फ्रेंचाइजी लीग में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने के लिए श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने खिलाड़ियों से फ़िटनेस टेस्ट पास करने कहा है.**

आईपीएल 2026 से पहले श्रीलंका क्रिकेट ने यह फ़ैसला लिया है क्योंकि वानिंदु हसरंगा (लखनऊ सुपरजायंट्स), नुवान तुषारा (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), मतीशा पथिराना (कोलकाता नाइटराइडर्स) और इशान मलिंगा (सनराइज़र्स हैदराबाद) भारत आने वाले हैं. दुष्मंता चमीरा और पथुम निसंका (दोनों दिल्ली कैपिटल्स) एवं कामिंडु मेंडिस (सनराइज़र्स) ने अपना 'फ़िजिकल परफ़ॉरमेंस टेस्ट' पास कर लिया है और आईपीएल में उन्हें खेलने की अनुमति मिल गई है. बोर्ड की रिलीज़ में कहा गया,' नुवान तुषारा को उनके फ़िटनेस टेस्ट के आधार पर ही एनओसी दिया जाएगा. वानिंदु हसरंगा, इशान मलिंगा और मतीशा पतिराना ने भी आईपीएल 2026 में खेलने के लिए एनओसी की मांग की है लेकिन उनका फ़िटनेस टेस्ट होना बाक़ी है और चोटिल होकर बाहर होने के बाद अभी उनका रिहैब चल रहा है.' यह तीनों खिलाड़ी टी20 विश्व कप से पहले या उसके दौरान



चोटिल होकर मैदान से बाहर हुए थे. पथिराना आईपीएल 2026 की शुरुआत में उपलब्ध नहीं होंगे और मध्य-अप्रैल के बाद ही उनके उपलब्ध होने की संभावना है. प्रमोदया विक्रमसिंघे की अगुवाई वाली नई राष्ट्रीय चयन समिति और साथ में श्रीलंका के खेल मंत्रालय ने फ़िटनेस को ध्यान में रखते हुए यह फ़ैसला लेने पर ज़ोर दिया है.

# हीरो इंडियन में सितारों की भरमार

## गुरुग्राम में 26 मार्च से होगा रोमांचक मुकाबला

**गुरुग्राम, 21 मार्च भारत के सबसे प्रतिष्ठित गोल्फ टूर्नामेंट हीरो इंडियन ओपन का 2026 संस्करण इस बार पहले से कहीं ज्यादा भव्य और प्रतिस्पर्धी होने जा रहा है। 26 से 29 मार्च तक गुरुग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में दुनिया के शीर्ष खिलाड़ियों की मजबूत मौजूदगी देखने को मिलेगी.**

खास बात यह है कि इस बार कुल 2.55 मिलियन डॉलर की रिकॉर्ड इनामी राशि दांव पर होगी, जो इसे और भी आकर्षक बनाती है. इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दुनिया के टॉप-100 रैंकिंग में शामिल पांच खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं, जबकि 101 से 150 रैंक के बीच के आठ खिलाड़ी भी मैदान में उतरेंगे. इस तरह दुनिया के शीर्ष 150 में शामिल कुल 13 खिलाड़ी इस टूर्नामेंट को बेहद प्रतिस्पर्धी और रोमांचक बना देंगे. यह टूर्नामेंट डीपी वर्ल्ड टूर कैलेंडर का एक अहम हिस्सा है और इसे इंडियन गोल्फ यूनियन द्वारा सह-स्वीकृति प्राप्त है.

टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई बड़े नाम नजर आएंगे, जिनमें भारतीय मूल के उभरते सितारे अक्षय



भाटिया प्रमुख हैं. भाटिया ने हाल ही में पीजीए टूर पर शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्नोल्ड पामर इनविटेशनल का खिताब जीता था, जिसमें दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी भी शामिल थे. इसके अलावा इटली के अनुभवी और मेजर विजेता फ्रांसेस्को मोलिनारी भी इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे, जो अपनी स्थिरता और अनुभव के लिए जाने जाते हैं.

### शानदार प्रदर्शन

## ▶पहले हाफ में तीन गोल, सोसिएदाद 3-1 से हारा, निकोलस पेपे बने मैच के हीरो



# विलारियल की धमाकेदार जीत

**मैड्रिड, 21 मार्च. स्पेन की शीर्ष फुटबॉल लीग ला लिगा में विलारियल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रियल सोसिएदाद को 3-1 से हराकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर कब्जा जमा लिया.**

एस्टाडियो दे ला सेरामिका में खेले गए इस मुकाबले में विलारियल ने पहले हाफ में ही तीन गोल दागकर मैच पर पूरी तरह पकड़ बना ली. इस जीत के साथ 'येलो सबमरीन' ने 2016/17 सीजन के बाद पहली बार सोसिएदाद के खिलाफ लीग डबल भी पूरा किया.

मुकाबले की शुरुआत से ही विलारियल आक्रामक नजर आया. टीम के स्टार खिलाड़ी जेरार्ड मोरेनो ने महज 9वें मिनट में शानदार हेडर लगाकर टीम को बढ़त दिलाई. सैंटी कोमेसाना के कॉर्नर पर मिली गेंद को मोरेनो ने सटीक तरीके से गोल में बदल दिया. यह उनका इस सीजन का आठवां गोल रहा. पहले गोल के बाद विलारियल का आत्मविश्वास और बढ़ गया. कुछ ही देर बाद मोरेनो ने दूसरे गोल में भी अहम भूमिका निभाई. उनका शॉट गोलकीपर से टकराकर वापस आया, जिस पर जॉर्जेस मिकौताद्ज़े ने मौके का फायदा उठाते हुए गेंद को नेट में पहुंचा दिया और स्कोर 2-0 कर दिया. सोसिएदाद की टीम इस समय पूरी तरह दबाव में दिखी. इसके बाद विलारियल ने अपनी तेज काउंटर अटैक रणनीति का शानदार नमूना पेश किया. टीम ने रक्षण से आक्रमण में तेजी से बदलाव करते हुए तीसरा गोल दाग दिया.

> निकोलस पेपे ने बेहतरीन मूव बनाते हुए डिफेंडरों को छकाया और शॉट लगाया, जो डिफ्लेक्शन के साथ गोल में चला गया. इस गोल के साथ स्कोर 3-0 हो गया और मैच लगभग तय हो गया. पहले हाफ के अंत में सोसिएदाद को गोल करने का अच्छा मौका मिला, लेकिन गोलकीपर लुइज जूनियर ने मिकेल ओयारजाबल के एक-के-बनाम-एक मौके को शानदार तरीके से बचा लिया. इससे विलारियल ने अपनी बढ़त बरकरार रखी. दूसरे हाफ की शुरुआत में सोसिएदाद ने वापसी की कोशिश की.